# झांसी में आकाश मिसाइल निर्माण के लिए रियायती जमीन

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के झांसी नोड में भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) आकाश मिसाइल का निर्माण करेगा। इसके लिए कुल 400 करोड़ रुपये को निवेश करेगा।

योगी सरकार ने निर्माण यूनिट की स्थापना के लिए कंपनी बीडीएल को 183 हेक्टेयर भूमि विक्रय मूल्य पर 25 प्रतिशत की छूट के साथ देने का प्रस्ताव शुक्रवार को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन मंजूर किया है।

## सरकार ने प्रस्ताव को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन दी मंजूरी

प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि कैबिनेट ने राष्ट्रीय सुरक्षा एवं रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी तकनीक के विकास के लिए उत्तर प्रदेश रक्षा तथा एयरोस्पेस इकाई एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2018 में शिथिलता दी है। बीडीएल को भूमि खरीद में स्टांप ड्यूटी में शत प्रतिशत छूट भी दी जाएगी।